The question is:

"That the debate on the Bill be adjourned *sine die*."

The motion was adopted

15.15 hrs.

Code of Civil Procedure Amendment Bill

श्री म० ला० द्विवेदी (हमीरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने इस विधेयक को एक बार फिर सदन के सम्मुख विचार के लिए प्रस्तुत कर रहा हू। जैसा कि मैं ने पहले इस विधेयक के बारे में बताया था, हमारे कोड आफ़ सिविल प्रोसीड्योर में एक धारा ८७बी है, जिस के अनुसार एक ऐसा अधिकार हमारे देश के भूतपूर्व शासकों का दिया गया है, जिस से इस देश के नागरिकों को बड़ा भारी नुकसान हो रहा है। मैं ने सदन के सामने कई उदाहरण रखे थे, जिन से यह साफ ज़ाहिर था कि किस प्रकार से लोगो के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया जा० रहा है। आज मैं सदन के सामने कुछ ऐसी मिसालें रखना चाहता हू जिन से यह पता चल जायेगा कि वास्तव में इस विधेयक पर फिर से अच्छी तरह गौर करने की ज़रूरत है। ऐसे अनेकों किस्से हैं, जिन में राजा महाराजा व्यापार में अथवा लेन देन में लगते हैं और नागरिको के जो अधिकार हैं, वे उन को बरत नहीं पाते हैं। हमारे संविधान में यह दर्ज है कि भारतवर्ष में प्रत्येक नागरिक के अधिकार समान हैं और न्याय की दृष्टि से भी उन को समानता दी गई है। परन्तु एक ऐसी धारा है कि जिस से यह समानता छीन ही नहीं ली गई है बल्कि इस से लोगों के विरुद्ध एक बड़ी भारी हानिकारक बात इस देश में चल रही है। इस के पूर्व कि मैं और बातें बतलाऊं, मैं दो चार उदाहरण देना चाहता हू। पिछली मर्तबा मैं ने जब इस सदन में इस विधेयक को रखा था तो हमारे विधि मंत्री श्री सेन ने कहा था कि आप बताइये कि कहां कहा मुकदमे चलाने की इजाज़त नही दी गई है और कोई भी ऐसी बात नही होगी कि जहां पर इजाज़त न दी गई हो। मुझे खेदपूर्वक कहना पड़ता है कि गृह मत्रालय को आज भी यह अधिकार प्राप्त है कि वह किसी को चाहे तो इजाज़त दे सकता है और किसी को चाहे तो इजाज़त नही दे सकता है। इस सम्बन्ध में विधि मत्रालय की राय मांगी गई थी गृह मत्रालय की तरफ से या दूसरी तरह से और पूछा गया था कि इस सम्बन्ध में क्या किया जाना चाहिये। विधि मत्रालय ने यह कहा था कि सभी केसिस में जहां तक सम्भव हो, इजाज़त दी ही जानी चाहिये और इस इजाज़त को रोका नही जाना चाहिये। विधि मत्रालय हमारी सरकार का एक विशेषज्ञ विभाग है। उस की राय है कि मुकदमा चलाने की अनुमति दी जानी चाहिये। लेकिन ऐसे उदाहरणो की यहा गिनती नही की जा सकती है जिन में इजाज़त नही दी गई क्योंकि ऐसे बहुत ही मामले हैं। कितने ही मामलो में गृह मत्रालय की तरफ से इस तरह के मुकदमे चलाने की आज्ञा नहीं दी गई है और सालो के साल गुज़र चुके हैं। जितना रुपया लोगो को राजे महाराजाओ से मिलना था, उस का बयाज भी आज तक लाखो में हो जाता, यदि उस रुपये को किसी अन्य काम में लगाने का अवसर प्राप्त हो गया होता। लेकिन लोगो को रुपया मिलता नही है। यह व्यापारिक मामलो का रुपया है। सरकार ने राजे महाराजाओ को जो अधिकार दे रखे हैं, उन के साथ मुझे कोई विरोध नही है। जब तक वे हमारे देश के शासक थे, तब तक तो उन को पूरे अधिकार प्राप्त थे और अब भी हम ने उन को एक तो जो उन के शासक होने की हैसियत से अधिकार थे वे उन को दे रखे हैं और साथ ही सब साधारण नागरिको को जो अधिकार प्राप्त हैं, उन से कहीं अधिक दूसरे अधिकार भी उन को दे रखे हैं। नागरिक की हैसियत से वे व्यापार करते हैं, लेन देन करते हैं डीलिंग्स करते हैं या अन्य काम करते हैं और

[श्री म० ला० द्विवेदी]

साधारण नागरिक की भांति रहते हैं तो फिर क्या कारण है कि हम हमारे साधारण नागरिकों के विरुद्ध उन को एक ऐसा स्वत्व या अधिकार दिया जाय या उन का यह अधिकार बना रहे जिस से कि दूसरे साधारण नागरिकों के जो अधिकार हैं वे छिन जायें और वे लोग अपनी गाढ़ी कमाई को वापस न पा सकें और न ही न्याय पाने के लिये अदालतों की शरण ले सकें या इस प्रकार की कोई दूसरी कार्रवाई न कर सकें ।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि विधि के विधान में तो न्याय है लेकिन विधि मंत्रालय के विधान में न्याय नहीं है । यह बड़े आश्चर्य की बात है । यदि विधि मंत्रालय इतनी योग्यता रखता है और गृह मंत्रालय को राय दे सकता है तो क्या कारण है कि गृह मंत्रालय इस राय को नहीं मानता है ? क्यों नहीं सभी मामलो में उदारतापूर्वक नागरिकों को इजाज़तें दी जाती हैं जिस से वे अपनी गाढ़ी कमाई का रुपया प्राप्त करने के लिये न्यायालयों की शरण ले सकें, अदालतों में जा सकें ।

मैं मानता हूं कि हमारे मंत्री महोदय लोकप्रिय मंत्री हैं । किन्तु वे भी तो सभी मामलों में नहीं जा पाते हैं, सभी मामलों पर विचार नहीं कर पाते हैं । राय तो सचिवालय की तरफ से ही आती है और उस को कितने ही ऐसे मौके मिलते हैं राजे महाराजाओं के साथ काम करने के और राजे महाराजे इस तरह से वहां से अपना काम निकलवा लेते हैं । उन के पास और भी तरीके होते हैं जिस से वे अपना उल्लू सीधा करवा सकते हैं । मैं यह लांछन नहीं लगाता कि कर्मचारी भ्रष्टाचार में फंसते हैं, या किसी और बुराई में फंसते हैं । लेकिन मैं यह स्पष्ट कह देना चाहता हूं कि कुछ ऐसी बातें होती हैं जिन से गृह मंत्रालय में प्रभाव पड़ता है और उस प्रभाव के कारण इजाज़तें नहीं दी जाती हैं या मनमाने ढंग से इजाज़तें दी जाती हैं । जो कोई खुश कर लेता है, उस को तो मुकदमा दायर करने की इजाज़त मिल जाती है और जो खुश नहीं कर पाता है उस को नहीं मिलती है । जो खुश नहीं कर पाता है उस के मामले में साल-दर-साल लटकते रहते हैं और इजाज़त नहीं दी जाती है । मैं आप के सामने एक मामला रखना चाहता हूं और वह भीम सेन खोसला का है । कपूरथला के महाराजा ने अपने बांड्स को बेचने के लिये उस के साथ बातचीत की और ये बांड एक लाख २५ हजार के थे और कहा कि तुम इतने रुपये मुझे दे दो और मैं कुछ दिन में कोशिश कर के बांड आप को दे दूंगा । भीम सेन खोसला ने एक लाख पच्चीस हजार रुपया उन्हें दे दिया । इसी प्रकार से महाराज ने उसे कहा कि चार हज़ार रुपये के कैश सर्टिफिकेट हैं, वे भी मैं बेचना चाहता हूं, आप रुपया दे दें और उस ने दे दिया । महाराजा ने आज तक न तो उस को बांड दिये हैं और न ही कैश सर्टिफिकेट और न ही यह रुपया उसे वापिस किया है । यह सन् १९५४ की बात है । जब इस व्यक्ति ने गृह मंत्रालय को अर्जी दी कि हमको इजाज़त दी जाये कि हम महाराजा के विरुद्ध सिविल प्रोसीडिंग्स दायर कर सकें, न्यायालय में जा सकें, तो मुझे खेदपूर्वक यह कहना पड़ता है कि इजाज़त देने में टाल मटोल होती रही और आज तक वह इजाज़त नहीं मिली है । यह उनको कह दिया जाता है कि गृह मंत्रालय ने इस पर सोच विचार किया है और वह समझता है कि इजाज़त देना मुनासिब नहीं है । मैं कहना चाहता हूं कि जब उसका रुपया महाराजा के ऊपर चढ़ा हुआ है, प्रमाण मौजूद है कि रुपया महाराजा ने वापस नहीं किया है तो क्या कारण है कि इजाज़त नहीं दी जाती है न्यायालय में जाने की । उल्टे उन्हें कह दिया जाता है कि समझौता कर लो, इतना रुपया ले लो, बाकी न मांगो और इसी तरह की दूसरी बातें कही जाती हैं । दूसरी तरफ मुझे विश्वस्त सूत्रों से मालूम हुआ है कि गृह मंत्रालय के लोगों ने प्राइवेट तौर पर

महाराजा से कहा कि तुम फिक्र मत करो, परवा मत करो, तुम्हारा कुछ नहीं बिगड़ने वाला है । इसका अर्थ यह हुआ कि चूंकि गृह मंत्रालय के पास इजाजत देने का अधिकार मौजूद है, इसलिए . . . . . .

उपाध्यक्ष महोदय : प्राइवेट तौर पर की गई बात आपके पास किस तरह से पहुंच गई ?

Shri M. B. Thakore (Patna): There are very few hon. Members in the House. There is no quorum.

Mr. Deputy-Speaker: Why should he be so apologetic in bringing it to my notice? The bell is being rung—Now there is quorum; the hon. Member may continue.

श्री म० ला० द्विवेदी : उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि बहुत से ऐसे उदाहरण भी हैं जिन में राजे महाराजों ने व्यापार में रुपया लगाया । बहुत लेन देन किया और अन्य ऐसे कामों में उन्होंने साधारण नागरिकों का सा व्यवहार किया जिन में वे पहले नहीं करते थे । जब वे किसी देशी राज्य के शासक थे तब वह राज्य की सर्वोच्च सत्ता थे, इस लिये उन के व्यापार में आने का प्रश्न नहीं आता था, लेकिन जब वह साधारण नागरिक की हैसियत से इस तरह के व्यापारों में पाये जाते हैं । देश में उनको विशेषाधिकार दिये गये थे । दूसरे विशेषाधिकार के बारे में तो मैं कुछ नहीं कहूंगा । वे बने रहें, लेकिन जब वे नये किस्म की चीज में प्रवेश करते हैं, और एक साधारण नागरिक की तरह से व्यापार में आते हैं तो उन में और दूसरे नागरिकों में भेद भाव नहीं होना चाहिये । आप जानते हैं कि हमारे राजे महाराजाओं को वे अधिकार दिये गये हैं जो विदेशी राजाओं को प्राप्त हैं । अब आप बताइये कि एक देश का रहने वाला जो भारतवर्ष का नागरिक भी है, उसे विदेशी नागरिक के अधिकार दे दिये जायें तो क्या यह शोभा की बात है ? फिर भी मैं केवल एक छोटी सी बात के लिये यहां पर विधेयक प्रस्तुत कर रहा हूं और वह यह कि सिविल प्रोसीजर कोड की धारा ८७ बी उठा ली जाये । इस में किसी भी व्यक्ति को एक शासक के विरुद्ध, चाहे उस के द्वारा किसी किस्म का अन्याय हुआ हो, मुकदमा चलाने का अधिकार नहीं है । मैं चाहता हूं कि यह धारा उठा ली जाये। एक उदाहरण मैं ने आप के सामने रखा, दूसरे उदाहरण भी हमारे सामने हैं । एक उदाहरण है जावरा की रियासत का । जावरा के नवाब साहब ने अपनी जायदाद का कुछ हिस्सा अपनी बेगम को दिया । उस में एक मकान और कुछ और जायदाद थी । जब उन के मरने के बाद उन का लड़का गद्दी पर बैठा तो उस ने अपनी मां का मकान और जायदाद छीन ली और अब वह उस को देना नहीं चाहता । कायदे से, कानून के मुताबिक भी वह बेगम साहब ही उस की हकदार हैं और मालिक हैं । लेकिन चूंकि मुकदमा चलाने का अधिकार किसी नागरिक को प्राप्त नहीं है इस लिये उस की विधवा मां भी इस बात का कोई उपाय नहीं पा सकती जिस से वह जायदाद उस को मिल जाय । आज उस का पति नहीं है, वह बेवा की हैसियत से है । उसके पास कोई साधन नहीं है कि वह दूसरा मकान बनवा सके और जीवन यापन का दूसरा साधन पा सके । ऐसी उसकी हालत है । अगर रियासत का शासक उसके साथ अन्याय करता है तो गृह मन्त्रालय उसको इजाजत नहीं देता है मुकदमा चलाने का । न उसकी जायदाद ही दिलाता है और न कोई इन्तजाम ही करता है । तो फिर आखिर उस का क्या होगा ? इससे यह होगा कि हम अपने नागरिकों को उनके अधिकारों से वंचित रखते हैं जो कि साधारणतया संविधान के द्वारा उनको मिल चुके हैं । यह संविधान की उपेक्षा है और उसी की एक धारा की आड़ में हमें अपने नागरिक अधिकार को खत्म कर दें यह हमें शोभा नहीं देता । मैं सदन का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । एक दूसरा किस्सा बिलासपुर के महाराज का है ।

[श्री म० ला० द्विवेदी]

एक बुढ़िया ने कोई ३० हजार की रकम महाराज विलासपुर के पास जमा की थी। जब वह नौजवानी में थी, उसका राज था और उसका विश्वास था कि वह उसे मिल जायगी, जैसे पहले हुआ करता था। लेकिन रियासत खत्म हो गई। अब कहते हैं कि राजा बुढ़िया का रुपया नहीं देना चाहते हैं। बेवा है, बुड्ढी है, चल फिर नहीं सकती है, खाने पीने और जीवन यापन का जरिया नहीं है। राजा साहब देने से इनकार करते हैं, उसके पास इतने साधन नहीं हैं कि वह उस रुपये को प्राप्त कर सके या अपने खाने पीने का प्रबन्ध कर सके। गृह मन्त्रालय की ओर से उसको भी इजाजत नहीं मिल रही है कि वह मुकदमा चला सके और अपनी जायदाद को प्राप्त कर सके। इस किस्म के बहुत से उदाहरण मैं सदन के सामने रख सकता हूं। लेकिन मैं बहुत से उदाहरण रख कर सदन का समय नहीं लेना चाहता। लेकिन सदन इस बात को समझ ले कि वास्तव में जो हमारी शिकायत है वह सच्ची शिकायत है। इसमें कोई ऐसी बात नहीं है कि आज हम कोई बहुत बड़ा अधिकार मांग रहे हैं। या कोई बहुत बड़े स्वत्व की मांग कर रहे हैं। आप इस को ठंडे दिल से सोचिये और इस विधेयक को स्वीकार कीजिये। मैं आपकी सूचना में यह लाना चाहता हूं कि इस विधेयक को चलते-चलते करीब साल भर हो गया है। इस पर विचार चलता ही रहा है। जब तक विधि मंत्रालय की राय नहीं थी तब तक हम से यह कहा गया कि हम इसमें राय नहीं ले पाये हैं, इस पर ठीक तरह से विचार नहीं हो पाया है, और इस कारण यह मुल्तवी होता गया। एक समय किसी और कारण के इस विधेयक पर विचार इस सदन में मुल्तवी हो गया और आज बहुत दिनों के बाद फिर आया है। मैं सोचता था कि हमारे मंत्री जी इस विषय में काफी सोच विचार कर चुके होंगे। लेकिन गृह मन्त्रालय के मंत्री श्री दातार ने बतलाया कि वह अभी इस मामले में तैयार नहीं हैं और वह मेरा बिल अभी देख नहीं पाये हैं। इस कारण वह इस मामले में अभी कुछ नहीं कह सकते। आज हमारे विधि मंत्रालय के उपमंत्री कहते हैं कि वे इस बात से राजी हैं और इस बात को गहराई से और अच्छी तरह से समझते हैं। लेकिन उनके सामने कुछ कठिनाइयां हैं और वे ऐसी हैं कि सेक्रेटेरियेट की तरफ से नोट आ जाता है तैयार होकर, जिसे ब्रीफ कह सकते हैं.....

उपाध्यक्ष महोदय : यह बातें आप क्यों कहते हैं। यह उन को ही कहने दीजिये जब उनका समय आये। आप उनकी कठिनाइयों की चर्चा क्यों करने हैं?

श्री म० ला० द्विवेदी : मैं इस लिये कह रहा हूं कि सबको पता चल जाय और मैं चाहता हूं कि सदन समझ ले कि असलियत क्या है।

उपाध्यक्ष महोदय : इस तरह आपको नहीं कहना चाहिये, यह उन्होंने आपको विश्वास में लेकर कहा है।

श्री म० ला० द्विवेदी : उन्होंने तो नहीं कहा है, लेकिन मुझे मालूम हो गया है। वे..

उपाध्यक्ष महोदय : यह बात तो उन्हीं के बारे में है भेद किसी ने भी दिया हो।

श्री म० ला० द्विवेदी : सदन के सदस्यों का कर्तव्य है कि वे भेद की बातें यहां लायें और सरकार को ठीक तरह से चलाने का प्रयत्न करें। यह हमारे स्वत्व की बात है कि हम कहां से पता लगाते हैं और अपने देश की जनता और देश के नागरिकों के सामने लाने की कोशिश करते हैं। मेरे ख्याल में आप को इससे प्रसन्न होना चाहिये, उपाध्यक्ष महोदय। यह कार्य सरकार का है कि वह जांच करे और अगर किसी ने गलती की है तो उसे सजा दे, लेकिन सभी बातों पर टाल मटोल करना उचित नहीं है। न्याय की बातों पर हमारी सरकार को जल्दी विचार करना

चाहिये क्योंकि हम ने इस देश में बार बार कहा है कि हम एक समाजवादी ढांचा स्थापित करना चाहते हैं, हम ने बार बार कहा है कि हम नागरिकों को बराबरी के अधिकार देना चाहते हैं। हमने बार बार कहा है कि हम एक ऊंचे किस्म की सत्ता स्थापित करना चाहते हैं। मैं यह बात बारम्बार कहना चाहता हूं कि बारम्बार इस विषय को सदन में लाये जाने पर भी, और इस बात का खुलासा होने पर भी इसमें टाल मटोल की जा रही है और इस सम्बन्ध में उचित निर्णय नहीं लिया जा रहा है। आज समय आ गया है कि इस पर अच्छी तरह से गौर किया जाय और इस मसले को टाला न जाय। हमें यह विश्वास अगर हो सके कि लोगों को न्याय मिलेगा तो कोई आपत्ति नहीं, जैसा है कानून वैसा ही बना रहे। हमें इस बात पर भी कोई आपत्ति नहीं है कि जो अधिकार गृह मन्त्रालय के पास है जो कि इस को डील करता है, कि इजाजत दी जाय या नहीं, वह उस के पास रहे यदि यह अधिकार कोर्ट के पास पहुंच जाय कि वह परमिशन दे कि मुकदमा दायर किया जा सकता है या नहीं। कोई भी इजलास इस को तय करे तो इसमें भी मुझे कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि न्यायालय में जाकर कम से कम न्याय तो हो सकेगा। मुझे इस बात पर आपत्ति नहीं है कि हमारे शासकों के अधिकार बने रहें, क्योंकि बहुत से शासक तो बड़े अच्छे हैं और हमें उनसे कोई शिकायत नहीं है, वह किसी का भी रुपया वापस कर देते हैं। लेकिन कुछ ऐसे हैं जो अपने इस अधिकार का दुरुपयोग कर रहे हैं। मुझे शिकायत उन से है। सबसे नहीं है। तो आवश्यकता इस बात की है कि यह अधिकार कम से कम न्यायालयों को दे दिया जाय कि जो दुखी आदमी हैं, जिसका रुपया नहीं मिल सका है अगर वह न्यायालय को अर्जी दे कि उसको मुकदमा चलाने की इजाजत दे दी जाय तो न्यायालय उस की जांच पड़ताल कर के फैसला करे। मुझे आशा है कि इस प्रकार सब को न्याय मिल सकेगा।

इन शब्दों के साथ मैं सदन से अपील करता हूं कि वह इस विधेयक को स्वीकार करे।

Mr. Deputy-Speaker: Motion moved:

"That the Bill further to amend the Code of Civil Procedure, 1908, be taken into consideration."

पंडित ज्वा० प्र० ज्योतिषी : उपाध्यक्ष महोदय, यह बिल जो पेश हुआ है, मैं उसका हृदय से स्वागत करता हूं। हमने निश्चित रूप से इस देश में एक समाजवादी व्यवस्था से सम्बद्ध सरकार स्थापित करने का संकल्प किया है और इस दिशा में यह देश प्रगति भी कर रहा है। जब राजकीय व्यवस्था भंग की गई इस देश में तब कुछ ऐसी स्थितियां हो सकती हैं जिन के कारण हमने राजाओं को कुछ सहूलियतें इसलिये दी कि वे अनिवार्य लिटिगेशन में न उलझ जायें। विधि मंत्रालय पर इस बात का अधिकार रक्खा जरूर गया है कि वह यह निर्णय करे कि अब किसी राजा के खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई हो सकती है या नहीं। लेकिन इस प्रगतिशील राज्य के अन्दर मैं नहीं समझता कि बहुत अधिक देर तक इस तरह के संरक्षण को कायम रखना चाहिये। इस देश के अन्दर जो भी आदमी रहते हैं उनमें हम किसी किस्म के भेदभाव को बरदाश्त करने के लिये तैयार नहीं हैं। हम चाहते हैं कि चाहे कोई राजा महाराजा हो या कोई इस देश का नागरिक हो सब कानून की दृष्टि में बराबर होने चाहियें। इस देश में किसी किस्म के भेदभाव की बात न रहे। इसके लिये जरूरी है कि किसी भी तबके को विशेषाधिकार या विशेष प्रकार के संरक्षण न दिये जायें, कम से कम सहजोर तबके को तो न दिये जायें। अगर कोई कमजोर तबका है तो उसको संरक्षण दिया जा सकता है लेकिन राजे महाराजे तो कमजोर तबके में नहीं हैं। उनकी स्थिति तो हमारे देश के कोटि कोटि मानव समाज से बहुत अच्छी है। ऐसी स्थिति में मैं यह नहीं समझ सकता कि

[पंडित ज्वा० प्र० ज्योतिषी]

अगर कोई उस तबके में से गलती करे तो वह उसके लिये कोर्ट के सामने क्यों न जाये, ऐसी व्यवस्था हमारे कानून में क्यों हो। जो क्लास उन्हें वह संरक्षण दे रहा है उस क्लास को मैं आज के प्रगतिशील देश की स्थिति में अनुपयुक्त और अनावश्यक समझता हूं। हमारे साथी ने सदन के सामने जो वाकयात पेश किये वे हमारे हृदय पर चोट पहुंचाने वाले हैं। विधि मंत्रालय में और और कहीं भी लोग कुंडली मारे बैठे रहें और राजा महाराजाओं को अनावश्यक प्रोटेक्शन दें यह हमारे शासन के ऊपर एक बड़ी कड़ी टीका है। मैं समझता हूं कि शासकों को इस विषय में सजग होना चाहिये कि हमारे सेक्रेटेरियट के आदमी इस तरह के अनावश्यक प्रोटेक्शन न दें। यह जो विधेयक के रूप में संशोधन पेश किया गया है मैं इसे बहुत मौजूं समझता हूं और इसका समर्थन करता हूं।

Shri Jaipal Singh (Ranchi West—Reserved—Sch. Tribes): I am sorry I was not here to listen to the earlier arguments of my very hon. friend. I oppose this Bill for one very obvious reason, and it is something which, to my mind, is very very important for India as a country, and it is that we must be men of our word for the country. We sometimes forget—we are beginning to forget—that we have 500 people to thank for the easy passage of independence and all that followed therefrom. I know we talk glibly about a socialist pattern of society. It may be an ideal. But, I have often felt that perhaps we talk more than destroy the myths that are obstructing the realisation of this ideal of ours. In the Constitution itself, we have an article whereby untouchability is abolished. I wish my hon. friend and others who feel so strongly about the rule of law, of everyone being equal in law, could exert themselves more towards the real abolition of untouchability.

I am not here to defend the rulers and the particular privilege under the law which they continue to enjoy. They themselves, if I might use an expression which is not Oxford English, have self-immolated themselves. But for them, today, perhaps India might not have been independent. We gave them our word at a time when things were difficult. They themselves realise the fact that although we gave them our word, the situation cannot continue for ever. A great deal of this irritation arises from the fact, whether my friends on the other side admit or not, that the rulers, not all of them, have been reading the writing on the wall. Some of them have been resisting certain political parties. I know it in my own area. A ruler is a good man if he is with the ruling party. Let him enjoy all the privileges that have been accorded to him. But, if he does not belong to the ruling party, he is a bad man. His wings must be clipped, his privy purse must be reduced and he must be demolished.

I think this is unwise thinking. I wonder whether if the great Sardar Vallabhbhai Patel had been sitting there, my hon. friend would have dared to introduce this Bill. My hon. friend is a man of courage, I accept that. He means well. But, I cannot help feeling that he is misguided. Is this problem important enough? Is it big enough? Does it really matter? It is a question of 500 people roughly. Out of the 500, most of them are crossing the floor, if I may say so. I speak with a certain amount of knowledge of the people concerned. I found, only last week-end, Members of Parliament visited Ajmer. We had in this company my hon. friends there who would willingly agree with my friends there. It is a peculiar alliance. My friends there would agree to anything that is for destruction. I have said so before and I repeat it again. This is a country where we value history, history that has a

meaning in the present context, history that is not standing in the way of our progress. I ask, are the rulers, today, really trying to take advantage of this particular legal privilege they have been given? I think they are the first people who will come forward and say, all right, we do not want any. I feel that in this country, in the Constitution itself, everybody is not equal. There are certain sections of the community which have special privileges. I have been more than once grossly misunderstood by the Treasury Benches when I have pleaded for something very very special for India's most ancient millions, the Adivasis. It is not that I think that the Adivasis should be above law. It is not because of that. If you are going to have a socialist pattern of society, the fundamental thing that my hon. friend and his supporters should appreciate is the fact that in a democratic society, democracy will flourish only if you accept the fact that the minority of one shall be heard. Is that the situation today? Can we honestly say that? Until we ourselves destroy the deep-rooted myths and then talk of democracy, I feel we do not know the meaning of equality. Equality does not mean uniformity. It is a question of unity in diversity. In this particular case, as far as this Bill is concerned, I feel it is a vindictive measure.

This Bill would not have been brought forward but for the fact that these 300 people disagreed.

Shri M. L. Dwivedi: Question.

Shri Jaipal Singh: Not all of them: quite a few of them have become very good rulers because they have joined the ruling party. The evidence is there in this very House. But, some of them, may be most of them, have certainly woken up to the fact that they have ceased to be rulers. Mr. Deputy-Speaker, I do not understand why this expression 'ruler' is there, because they are no longer rulers. That is the very first thing. I do not know why the expression 'ruler' is used at all.

Mr. Deputy-Speaker: Because we agreed that we would continue to call them Rulers.

Shri Jaipal Singh: If we have agreed, if we have agreed firmly, it is shere impertinence on the part of any hon. Member of this Parliament to introduce a Bill of this nature, if we have firmly agreed, as you have said.

Shri M. L. Dwivedi: Does he mean to say that this Parliament is not competent to revise its judgment at any time?

Mr. Deputy-Speaker: Not at all.

Shri Jaipal Singh: Parliament can always become wiser. But I say, my hon. friend, I think I can say, my Rt. hon. friend—I hope one day he will occupy the Benches over there, I hope he will succeed the great Sardar Patel who was a man of his word...

Shri M. L. Dwivedi: My hon. friend has not understood that it does not want to take away that which Sardar Patel has guaranteed to all the rulers. It is only private transactions which were not guaranteed to the rulers.

Shri Jaipal Singh: I am very very surprised that an old Parliamentarian like my hon. friend is trying to draw a distinction between a private deal—I do not know where the private deal was. This is in the statute. How can anything be in the statute and be a private deal, I do not understand. I must be forgiven if I speak forthright. I know my hon. friend over there, Shri H. N Mukerjee is there. Well, I do not wish to give out any secrets. But I want to tell my friend there, and everybody else in this House that India will be the poorer for the grandeur that is associated with the rulers. I do not quite know why the word

[Shri Jaipal Singh]

'ruler' is still there. As long as you have given them the word, you have to respect that. We should be men of our word After all, it is a question of one's life time.

Sir, we talk of Privy Purses and the like May I know why hon. Members of Parliament themselves ask for certain privileges? Why are they not on level terms with the rest of the communities in this country? Sir, I need not go further I am not a lawyer I do not wish to argue these things, but I do feel that we are big enough and we can manage to forget these five hundred rulers and we can get on without these five hundred rulers But, let them have these privileges, if we have given them our word Certainly, I am not saying that for ever eternally we have to continue this privilege But the thought behind it, the motive behind it, the purpose behind it, is mean I heartily oppose this Bill

Mr Deputy-Speaker: Shri M B Thakore.

Shri M. B Thakore. Mr Deputy-Speaker, Sir,

Mr. Deputy-Speaker: Now some other hon Members have made up their minds to speak So, every hon Member shall be brief.

Shri M. L. Dwivedi: Time may be extended by half an hour.

Mr. Deputy-Speaker: Just now he is putting the proposal. We took this up at 3 O' clock and the hon. Member did not say this at that time We will see how it proceeds.

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Datar): I should like to interrupt for about five minutes.

An Hon Member: For about five minutes only.

Shri Datar: We come in so far as permission is concerned. My hon friend will deal with the rest. Therefore I would like to intervene for about five minutes.

Mr. Deputy-Speaker: All right. Shri M. B Thakore may continue

Shri M. B. Thakore: I congratulate Shri Dwivedi for introducing a measure like this. I fully support him In this measure he excludes the State of Jammu and Kashmir. Now, all our leaders say that Jammu and Kashmir is part and parcel of India. The representative of the State of Jammu and Kashmir has stated in this very House that it is part and parcel of India and part and parcel of the Indian Union Why should there be any distinction? So I oppose such provision in the Bill.

The second observation that I want to make is on the immunity of the former rulers as far as the Civil Procedure Code is concerned These immunities started from former times. The British Government recognised the sovereignty of all the States. Now they are no longer Sovereign States. These rulers are as equal as any citizen of India. Moreover, Sir, we have adopted a democratic Constitution where equality before law is recognised and in courts of law this is proclaimed My learned friend Shri Jaipal Singh said that equality before law does not apply to the former rulers in respet of such immunity from the Civil Courts. I do not agree with that. The immunity was recognised by the foreign power, the British Government, on the ground that they were sovereign States under the British suzerainty. One thing I want to add, and that is, that it does not apply to the present rulers but it inherits which is much more dangerous. It will inherit to their descendents irrespective of what they do and what they would do in future. So, it is against the fundamental rights conferred by our sacred Constitution.

We have adopted a socialist pattern of society. Many of our former rulers served as Governors. They also talked about the socialistic pattern of society. I do not think that they could say that they must have some privilege of this type.

Sir, I know that Members of Parliament who are elected under our Constitution are also not immune from the Civil Procedure Code. I do not understand why the Home Ministry or our Government is lying idle not to apply the same kind of disqualification to the former kings and maharajas.

श्री पद्म देव (चम्बा) : उपाध्यक्ष महोदय, १५ अगस्त १९४७ की रात के १२ बजे से पहले हिन्दुस्तान के ५६३ राज्य थे। उस के बाद ५६२ राज्य यहा रहे। यह ख्याल करते हुए कि वे भी अपनी परम्परा को कायम रखेंगे, भारत सरकार ने उन को सब प्रकार की सुरक्षा दी, महल, जेब खर्च, जागीरे वगैरह वगैरह दी। उस के लिये मै समझता हू कि किसी को भी उसै वक्त कोई ज्यादा अफसोस नही हुआ था। किन्तु उस के पश्चात् हम ने अपना कांस्टीट्यूशन बनाया और तब प्रश्न उठा कि जिन लोगों के लिये भारत सरकार के कोष से करोड़ो रुपया जाता है, उन को भी इलैक्शन में खड़े होने का अधिकार मिलना चाहिये या नही। निश्चय हुआ कि वे भी दूसरे नागरिको की भांति भारत के नागरिक है। अन्य नागरिकों की भांति उन को भी इन सब मामलों में समानता का अधिकार मिला हुआ है। उस के पश्चात् हमारे यहां के ५६२ भूतपूर्व राजाओं ने अपनी पूंजी बढ़ाने के लिये व्यापार में, नौकरियों में तथा दूसरे क्षेत्रों में भाग लेना शुरू किया और राजकीय पुराना ठाठ बाठ सब का सब छोड़ दिया। इस के बारे में मैं कुछ अधिक नहीं कहना चाहता हूं लेकिन यही कहना चाहता हूं कि यह सब दुरुस्त ही था कि जब सब एक ही सतह पर है, एक तरह के नागरिक हैं, तो कोई कारण नहीं कि बिना किसी लाइसेंस के असमित शस्त्रास्त्र उन के पास रहें या दूसरी चीजें रहें या जागीरों से थोड़ा सा रुपया मिले, इलैक्शन लड़ने के लिये देश का उसी तरह से खर्च हो, ये सब ऐसी चीजें है जिन पर विचार होना चाहिये।

मेरे एक माननीय मित्र ने कहा है कि अगर सरदार पटेल होते तो उन के सामने किसी की जुर्रत न होती कि इस किस्म का बिल ला सके। मेरा विश्वास है कि अगर सरदार पटेल जिन्दा होते तो शायद इस किस्म की बहुत सारी चीजें न होती और पुराने निशान कभी के मिट गये होते और जो अशान्ति करने वाली और लोगो मे असन्तोष पैदा करने वाली बातें है, वे भी कभी की खत्म हो गई होती। लेकिन वह तो भूत की बात है, आज की नही है।

16 hrs.

मुझे अफसोस है कि एक माननीय सदस्य ने यह कहा कि दुश्मनी की वजह से इस विधेयक को लाया गया है। यह भी कहा गया कि बेचारे रूलर्स को जीने का अधिकार तो रहना ही चाहिये। मैं कहना चाहता हूं कि यहा जागीरे छीनने का सवाल तो नहीं है। यहां पर तो सवाल यह है कि जब वे साधारण नागरिको के साथ रहते हैं, कारोबार करते हैं, व्यापार में हिस्सा लेते हैं और अन्य प्रकार का लेनदेन करते हैं तो अगर कल कोई इस तरह की बात हो जाती है कि किसी को पैसा नहीं मिलता या कोई और गलती वे करते हैं, तो उन के विरुद्ध मुकदमा चलाने का अधिकार तो साधारण नागरिकों को मिलना ही चाहिये। मेरा यह पूरा विश्वास है और न्याय इस बात की मांग भी करता है कि जो देश का कानून है वह तो सब के लिये बराबर ही होना

[श्री पद्म देव]

चाहिये । आप चाहें तो राजाओं को जो खर्चा इस वक्त दे रहे हैं, उस से और अधिक दे दें, महल दे दें, अच्छी अच्छी बिल्डिंग्स जो बन रही हैं, या बन गई हैं, उन में से उन को कोई बिल्डिंग्स दे दें जिन के पास नहीं हैं, लेकिन जहां तक कानून का ताल्लुक है वह सब के लिये समान होना चाहिये । जब वे लोगों के साथ रहते हैं, जीते हैं, खाते हैं, पीते हैं, तो कोई भूलें, कोई गलतियां भी कर सकते हैं और उन भूलों और गलतियों के लिये जो न्यायालय है वह सब की पहुंच में होना चाहिये, जो चाहे न्यायालय में किसी के विरुद्ध शिकायत ले कर जा सकता है, इस की इजाजत होनी चाहिये । हर एक को अपने अपने कष्ट, दुख, तकलीफ हर एक व्यक्ति के विरुद्ध जोकि दोषाधिकारी हो, न्यायालय में ले जाने का पूरा अधिकार होना चाहिये ।

इसलिये, उपाध्यक्ष महोदय, माननीय म० ला० द्विवेदी जी ने जो विधेयक यहां प्रस्तुत किया है, वह बहुत ही सामयिक है, बहुत ही जरूरी है और देश के हित में है, इसलिये उसे अवश्यमेव स्वीकार किया जाना चाहिये ।

श्री जयपाल सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूं । मेरे कहने का मतलब यह नहीं था कि न्यायालय के सामने सब बराबर न हों । मेरे कहने का मतलब केवल इतना था कि इन लोगों की गिनती कोई ज्यादा नहीं है और जो जबान उन को दी गई है, जो अधिकार एक बार दिये गये हैं, उन को हमें कायम रखना चाहिये, अपनी जबान पर कायम रहना चाहिये ।

श्री सिंहासन सिंह (गोरखपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, जो विधेयक यहां पर रखा गया है, इस पर बहुत ज्यादा वाद विवाद की आवश्यकता मालूम नहीं देती है । मेरे विचार में इस विधेयक का रूप अगर थोड़ा सा बदला हुआ होता, तो वाद विवाद की नौबत ही न आती । मैं आशा करता हूं कि गवर्नमेंट इस में कुछ सुधार कर के इस को स्वीकार कर लेगी ।

जो धारा ८७(बी) है उसको इस विधेयक की रू से निकाल देने से जो कुछ दिक्कत होंगी, उन को तो मेरे भाई जयपाल सिंह जी ने आप के सामने रख दिया है । उन्हों ने ठीक ही कहा है कि इस का मतलब दिये गये वादों से पीछे जाना होगा । वादा तो दे दिया गया, वह कब तक चालू रहे यह सोचने की बात अवश्य है । साथ ही साथ जो वादा देने वाला था जब वह जिन्दा था शायद उसी के समय में दफा ८७(बी) भी बनी थी । इस वास्ते जब वह बनी तो खूब समझ बूझ कर ही बनी थी । चन्द सूरतों में ही उन को राहत दी गई थी और यह कहा गया था कि आम तौर पर उन को अदालतों में घसीटा न जाय और जब तक केन्द्रीय सरकार समझ न ले कि उन का अदालतों के सामने जाना जरूरी है तब तक उन को अदालतों में न ले जाया जाय ।

माननीय म० ला० द्विवेदी जी ने जो कारण अपने विधेयक को उपस्थित करते समय बतायें हैं, उस में उन्हों ने कहा है कि मूल कारण यह है कि आज कल बहुत से दावे राजाओं के खिलाफ लोग करना चाहते हैं । उन्हों ने कहा है कि साधारण नागरिक की हैसियत से अगर कोई राजा तिजारत करता है, पैसे का लेन देन करता है, ऐसी अवस्था में अगर उस को किसी राजा के खिलाफ दावा करना पड़े, तो बड़ी दिक्कतें पेश आती हैं, रास्ते में बहुत सी रुकावटें पेश आती हैं, इसलिये जो नियम है, इस को बदल दिया जाना चाहिये और यह जो बाधा

है, इस को निकाल दिया जाना चाहिये ताकि आम नागरिक की तरफ के किसी राजा महाराजा के खिलाफ दावा हो सके । उन की यह बात तो सही प्रतीत होती है अपनी जगह पर । लेकिन साथ ही साथ गवर्नमेंट की तरफ के उन को यह आश्वासन मिला हुआ है कि उन के कुछ प्रिवलेजिस हैं, जिन को छीना नहीं जायगा । मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि दफा ८६ के अन्दर यह साफ लिखा हुआ है कि जहां कहीं तिजारत की बात हो, वहां पर परमिशन दे दी जायेगी । उस में कहा गया है कि इन हालात को छोड़ कर बाकियों में परमिशन नहीं दी जायगी । दफा ८६ की सब क्लाज के भाग (बी) में लिखा है :—

"by himself or another, trades within the legal limits of the jurisdiction of the Court"

ऐसी अवस्था में केन्द्रीय सरकार परमिशन दे सकती है ।

श्री अ० ला० त्रिवेदी : नहीं दी जा रही है, यही तो शिकायत है ।

श्री सिन्हा : अगर दी नहीं जा रही है, तो यह देखना तो इस समय केन्द्रीय सरकार का काम है । लेकिन उसे इन हालात में परमिशन देनी चाहिये ।

दूसरी बात यह है कि जहां पर रूलर्स ने अपने अधिकारों को स्वतः ही छोड़ दिया है प्रकट रूप में या किसी और रूप में, वहां पर तो इजाजत न मिलने का सवाल ही पैदा नहीं होता है । मैं उम्मीद करूंगा कि जब सारा राज्य उन का चला गया, शासन चला गया, तो इस एक छोटे से अधिकार के लिये वे बहुत ज्यादा लालायित भी नहीं होंगे और समझ जावेंगे कि वे खुद ही इस अधिकार को भी छोड़ देंवे । वहां पर वे साधारण नागरिक के जैसे बैठे हुए हैं, कोई ज्यादा प्रिवेलेज भी उन के नहीं हैं, तो फिर कोर्ट के सामने भी वे कोई प्रिवेलेज नहीं चाहेंगे । लेकिन यह थोड़ा सा डर रहता है कि प्रतिशोध की भावना भी आ सकती है और उस के लिये थोड़ा सा प्रोटेक्शन रहना चाहिये । और उस प्रोटेक्शन की आड़ में उन को सुविधायें मिली हुई हैं ।

मैं समझता हूं कि अगर इस बिल को गवर्नमेंट इस तरह से बदल दे तो यह अच्छा रहेगा । यहां पर जहां सेंट्रल गवर्नमेंट का शब्द आया है दफा ८६ सब क्लाज २ के अन्दर, उस की जगह पर कोर्ट कर दिया जाना चाहिये । इस के बाद इस को इस तरह से पढ़ा जायगा :—

".....in case of any suit or class of suits, the Court in which the Ruler may be sued, but it shall not be given, unless it appears to the Court that the Ruler....."

कोर्ट के सामने डिसक्रिशन हो कि अगर वह समझे कि ऐसे मामलों में दावा हो सकता है अदालत के अन्दर और मामला तिजारत का है तो वह उस को दायर करने की इजाजत दे दे । इस का मतलब यह होगा कि सेंट्रल गवर्नमेंट के पास आने में जो दिक्कत होती है, अधिक खर्चा होता है, वह खत्म हो जायगा । अब साधारण नागरिक दावा दाखिल करेगा और साथ ही साथ परमिशन के लिये भी दरख्वास्त देगा और बतायेगा कि दावा इस नेचर का है कि अदालत में जा सकता है, फिर अदालत चाहे तो इस की इजाजत दे दे और चाहे तो न दे । तो दफा ८७ बी का क्लाज अगर छोड़ दिया जाय और आइन्दा के लिये अदालत को यह अधिकार दे दिया जाय, जहां पर कि आपने भूतपूर्व शासकों का सवाल रखा है, तो मैं समझता हूं कि ठीक रहेगा । औरों के लिये तो आपने दफा ८५ और ८६ रखा है लेकिन दफा ८७ के द्वारा हमने अपने पुराने राजाओं को कुछ अधिकार दिया है । तो या तो आप दफा ८७ बी को हटा दें या फिर उस को अमेंड

[श्री सिंहासन सिंह]

कर दें। जहां पर सेन्ट्रल गवर्नमेंट शब्द आये हैं उन की जगह पर आप "कोर्ट" कर दें तो कोई हानि नहीं है। ऐसा कर देने से शायद हमारे द्विवेदी जी का मतलब भी हल हो जायेगा और दूसरों की दिक्कतें भी हल हो जायेंगी। हमारे बारे में भी कोई गड़बड़ी नहीं पड़ेगी और वह ज्यों का त्यों सही रास्ते पर चलता रहेगा।

इन शब्दों के साथ मैं गवर्नमेंट से उम्मीद करूंगा कि वह बिल जल्दी से जल्दी पेश कर दे या इस में ही किसी संशोधन को मान ले ताकि यह चीज हो जाय और हर एक नागरिक समझे कि जहां तक व्यवहार का सम्बन्ध है उस में पुराने राजा और वह एक हैसियत के हैं। और बातें कानून में रही आयें तो हमें कोई आपत्ति नहीं है।

Shri Ajit Singh Sarhadi (Ludhiana): The Bill under discussion is certainly a very simple one, and proposes an amendment which is intended to eliminate the privilege of a particular class, but the principle involved is a very important one, and that principle is whether that particular class whose privilege is being taken away had received any commitment or any understanding previously. I agree with my hon. friend from Ranchi that certainly if there has been a commitment or understanding or an assurance, then that must be honoured, but my feeling is that the Constitution does not contain any assurance or any provisions of the kind.

The only article that governs this is article 362 which lays down:

> "In the exercise of the power of Parliament or of the Legislature of a State to make laws or in the exercise of the executive power of the Union or of a State, due regard shall be had to the guarantee or assurance given under any such covenant or agreement as is referred to in article 291 with respect to the personal rights, privileges and dignities of the Ruler of an Indian State."

The only guarantee which the Constitution provides—and I understand that this provision is based on a certain understanding that was arrived at—pertains to what is contained in article 291. You will see that article 291 discusses those items and says:

> "Where under any covenant or agreement entered into by the Ruler of any Indian State before the commencement of this Constitution, the payment of any sums, free of tax, has been guaranteed or assured by the Government of the Dominion of India to any Ruler of such State as privy purse—
>
> (a) such sums shall be charged on, and paid out of, the Consolidated Fund of India; and
>
> (b) the sums so paid to any Ruler shall be exempt from all taxes on income.".

We have got to see whether in the light of these provisions in the Constitution which guarantee certain privileges pertaining to the income or the privy purses of the Rulers and to income-tax on certain incomes, this Bill in any way infringes these privileges. If it infringes, then it will be an amendment of the Constitution as such, and we cannot amend it unless we follow a certain procedure. If it does not infringe, then it is a perfectly legitimate proposal or amendment which must be considered on its own merits.

From that point of view, we have got to see whether on merits, this amendment is just and expedient or not. The hon. Mover of this Bill has given certain reasons in support of his proposals. It cannot be denied that the princes or the Rulers are entering

into commercial transactions, are entering into business and are dealing with private people. If that is so,—and that is an apparent fact—then, that this clause should remain and that the party concerned should approach the Central Government for sanction before he can take his case to the forum of a court of law for proceeding against the Ruler, would, I think, be unfair; it would not only be against the basic principle in article 14 which lays down equality before law, but it would be unjust to the individual who wants to proceed against him, because it puts him under a handicap. And I would respectfully submit that it would not be in the interests of the princes themselves. I do not think that with all the sacrifices that they have made for the consolidation of the country, with all the patriotism they have shown, they want to remain as a class above the people, and different from the people. I think they also desire equally that there should be an integration and there should be equality. And in a matter of this type, their dignity, their right, and their privilege lie in this that there should be equality before law. If the Constitution does not provide it—here, it is for the Law Minister to clarify the position; my reading of the situation may be wrong—I do not think it would be fair and just that section 87B of the Civil Procedure Code should remain; therefore, the amendment that is proposed should certainly be accepted. It would not only be just, as I said, but it would also be expedient, expedient in the sense that the Central Government would not be burdened with all the applications to it for permission. I quite see that the Central Government would not be in a position to refuse where an individual comes before them for permission, who has got some grievance of a civil nature against a Ruler; they would be bound to give permission in all fairness and justice to that individual who approaches them. But all the same this will lighten their work. The courts are there, and the courts should be the forum for justice between all the people.

Therefore, I would submit respectfully that taking an overall picture of the objective which we want, namely a socialistic pattern of society or—the socialistic pattern of society is not so very relevant—the creation of a classless society in India, and a sort of welfare State in our country, I do not think that we need have a privileged class, unless, of course, the privileges are given by the Constitution.

With these words, therefore, I support Shri M. L. Dwivedi's Bill. There is just only one thing more, and that is that it has been suggested that the courts should be the forum to decide on each application whether permission should be given. That, to my mind, is not fair at all. The question is whether the individual should have a right to seek a certain remedy that the Civil Procedure Code gives him. If he has got that right he should have the right to approach the court of law which has got the jurisdiction.

As regards the personal appearance of the princes, if necessary, they may be exempted from personal appearance, just as has been provided in the Criminal Procedure Code. That provision can be made. The court may not even call them for their personal statement either; the statement can be made by the agent.

Shri Jaipal Singh: Why not?

Shri Ajit Singh Sarhadi: I do not think that the princes or these Rulers themselves would like that these privileges should remain and they should be a class different from the people. I think the time has come when with all the guarantees, with all the commitments, and the assurances, and the understandings that they have and that should be honoured, as for the rest of the things, there should be equality. With these words, I support Shri M. L. Dwivedi's Bill.

Shri P. K. Deo (Kalahandi): I do not hold any brief for any Ruler or

[Shri P. K. Deo]

any particular class, but I would like to speak, and examine this legislation from the viewpoint of a citizen of India. Though the provisions are incompatible to our present ideology of a democratic and a socialistic pattern of society, at the same time, I feel that we are wasting much time in discussing a legislation which is obsolete in practice, and which has been hardly used. I do not think any Ruler would be coming forward to seek protection under this piece of legislation; and invariably, in every case, when permission is being sought for, it is readily granted by the Government unless the legislation is vindictive.

I feel that this is not the way to do the things. It would have been much wiser if the Rulers could have been addressed by Government to withdraw their privilege or to surrender this privilege; then it would have been much nicer I do not know how far we would be competent to bring forward a legislation of this type, especially when these safeguards have been provided in article 362 of the Constitution which guarantees the continuance of certain privileges of the Rulers, which they have been enjoying since some time. This provision was made against vindictive litigation. This provision is a very old provision and was there even before Independence came to India. This was a creation of the then Central Government, and this has been continued. The continuance of this privilege has been guaranteed under article 362 of the Constitution which says in clear terms that

> "In the exercise of the power of Parliament or of the Legislature of a State to make laws or in the exercise of the executive power of the Union or of a State, due regard shall be had to the guarantee or assurance given under any such covenant or agreement as is referred to in article 291 with respect to the personal rights, privileges and dignities of the Ruler of an Indian State."

In this connection, I would like to point that if Government are really serious that there should be no distinction between different classes of persons in this country, they should actually carry out their policy in a more dignified way; and they should seek the co-operation of the persons concerned in this regard.

I would like to submit that if we go on violating our sacred words and promises, it will carry a very bad impression especially to our critics that these people who made promises or who entered into any sort of agreement or covenant etc. start breaking them the next day; that sort of misunderstanding and misapprehension should be cleared.

Therefore, I request the hon. Mover of the Bill to withdraw his Bill, because if he is really serious that this distinction should go, then the proper way would be to request the Rulers, so that they would surrender these privileges in the greater interests of the country.

Shri Jaipal Singh: May I just make one clarification? I would not take more than sixty seconds. It might appear to hon Members as though I was holding a brief for the Rulers.

I was merely trying to focus the attention of hon. Members on the fact that there is no absolute equality given in the Constitution. I as an Adivasi have much better privileges than my hon. friend there, and I shall fight to the last inch to see that the word given to me and my people shall continue and shall be honoured.

Let us go to the fundamental privileges. Take, for example, the question of freedom of movement. If you are going to have absolute freedom of movement in the tribal areas, you are going to lose a very big chunk.

Let me tell you this. The time may come when these special safeguards will be surrendered by the people

themselves But this is not the occasion for that.

The same thing in regard to the question of property—the right to buy and sell You know that an Adivasi cannot sell his land to anybody and everybody.

Mr. Deputy-Speaker: 60 seconds might be exceeded now!

Shri Jaipal Singh: I have only used 25 seconds; I still have 35

I would like my hon friend to look at page 23 of the Annual Report of the Ministry of Home Affairs where even the word 'Ruler' has taken a peculiar complexion Even a jagirdar has become a Ruler I do not quite know

Mr. Deputy-Speaker: Taking up other points would mean a fresh speech

Shri Jaipal Singh: I am not here defending the Rulers The Rulers can defend themselves By their conduct and example, they have set an example to the rest of the country They have, as I said earlier, self-immolated themselves, and I wish the rest of us would learn a lesson from them

Shri Panigrahi (Puri) I rise to support the Bill which has been brought forward by Shri M L Dwivedi The Bill is timely Let Government accept this Bill and let them come forward to abolish further special privileges which are being given and being continued to the ex-Rulers of India

